**परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**
**उत्तर प्रदेश पुलिस**

**दिनांक**
**14-06-2025**

# प्रेस विज्ञप्ति

- **डीआइजी बस्ती के निर्देशन में एसपी सिद्धार्थनगर द्वारा भारत नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी व घुसपैठ की रोकथाम हेतु एन्टी स्मगलिंग ड्राइव टीम को दी गयी जिम्मेदारी।**
- **टीम को चेकिंग व कार्यवाही हेतु दिया गया निर्देश।**

श्री संजीव त्यागी पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिनांक 12.06.2025 को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जनपद सिद्धार्थनगर के थाना मोहाना, लोटन, कपिलवस्तु, शोहरतगढ़, ढेबरुआ व चिल्हिया क्षेत्र में गो-तस्करी, ड्रग तस्करी, शराब तस्करी, मादक पदार्थ तस्करी, खाद्यान तस्करी तथा भारत-नेपाल राष्ट्र के अतिरिक्त अन्य राष्ट्र के अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने हेतु एन्टी स्मगलिंग ड्राइव टीम को जिम्मेदारी सौपी गयी है। उक्त टीम में जनपदीय पुलिस, कस्टम विभाग व एसएसबी के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। टीम नेपाल बॉर्डर की पुलिस चौकियो के प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर, एसएसबी व कस्टम विभाग के प्रभारी का नाम व मोबाइल नंबर की सूची तैयार कर सभी विभागों को साझा करेंगे। एंटी स्मगलिंग ड्राइव टीम साप्ताहिक संयुक्त चेकिंग, ग्राम सुरक्षा समिति के साथ बैठक कर आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही करेगी। जो बॉर्डर क्षेत्र के थानों के सक्रिय अपराधी, हिस्ट्रीशीटर, संगीन अपराधो, गोकशी, गो तस्करी आदि के अभियुक्तों की सूची तथा तस्करों का विवरण एक रजिस्टर में निर्धारित प्रारूप में अंकित करेंगे तथा उपरोक्त कार्यवाही की मासिक सूचना प्रत्येक माह के 05 तारीख को डीआइजी बस्ती को प्रेषित करेंगे।

**सोशल मीडिया सेल**
**रेंज कार्यालय, बस्ती।**